**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-18 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 18 (क) क्या व्यवसायिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में संचालित आई०टी०आई० कालेजों में प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक प्रवक्ता एवं शिक्षकों के कुल कितने पर सृजित है तथा सृजित पदों के सापेक्ष श्रेणी वार अब तक कितने पद रिक्त चले आ रहे है ? | व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के अन्तर्गत प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रधानाचार्य श्रेणी-1 के कुल 55 पद सृजित है, जिसके सापेक्ष समस्त पद भरे है। प्रधानाचार्य श्रेणी-2 के कुल 270 पद सृजित है, जिसके सापेक्ष कुल 204 पद भरे है तथा 66 पद रिक्त है।<br>प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षिक संवर्ग अनुदेशक के कुल 6577 पद सृजित है, जिसके सापेक्ष 4354 पद भरे है तथा कुल 2223 रिक्त है। |
| (ख) उक्त आई०टी०आई० कालेजों में वर्ष 2017-18 से न तो नियुक्ति की जा रही है और न ही कोई पदोन्नत किये जा रहे है इसके क्या कारण है ? | चयन वर्ष 2017-18 से चयन वर्ष 2024-2025 तक उ०प्र० लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित तथा विभागीय पदोन्नति के माध्यम से पदोन्नत कुल 290 प्रधानाचार्य को नियुक्ति / तैनाती प्रदान की गयी है।<br>इसी प्रकार शैक्षिक संवर्ग के अन्तर्गत उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 में कुल 1562 अभ्यर्थियों का चयन अनुदेशक पद पर किया गया है, जिनकी नियुक्ति/ तैनाती विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में की गयी है। |
| (ग) क्या इन सहायता प्राप्त आई०टी०आई० कालेजों में श्रेणी वार रिक्त पदों पर नियुक्ति करायेंगे ? | व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग द्वारा न तो सहायता प्राप्त आई0टी0आई0 का संचालन किया जाता है और न ही विभाग के अधीन प्रदेश में कोई सहायता प्राप्त आई०टी०आई० है। |
| (घ) यदि हाँ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार । |
| (ड़) यदि नहीं, तो नामांकित छात्र / छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा प्राप्त करने में बाधक कौन है ? | प्रदेश के राजकीय आई0टी0आई0 में तैनात प्रधानाचार्य/ अनुदेशक एवं अन्य संबंधित कार्मिकों के माध्यम से नामांकित छात्र / छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान की जा रही है। |
| (च) क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार । |

Digitally signed by
KAPIL DEV AGARWAL
Date: 08-08-2025
13:12:32

( कपिल देव अग्रवाल )
मा0 राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार )
व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास
और उद्यमशीलता विभाग,उ0प्र0।